(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) सरकार को एक पृथक विद्युत करघा निर्यात सवर्धन परिषद स्थापित करने सम्बन्धी सुझाव प्राप्त हुआ है। तथापि, सरकार का यह विचार है कि ऐसी निर्यात सवर्धन परिषद स्थापित करना आवश्यक नही है।

3321. [*Transferred to the 11th December*, 1987]

आयातित खाद्य तेल की बिक्री

3322. **श्री चतुरानन मिश्र :**
श्री गुरूदास दास गुप्त :
श्री रशीद मसूद :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या यह सच है कि राज्य व्यापार निगम ने भारी मात्रा में आयातित खाद्य तेल को बिक्री के लिये लायसेंसधारक थोक बिक्री व्यापारियो से निविदाएं आमंत्रित की हैं;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस तेल को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से बिक्री न किये जाने के क्या कारण है ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रिय रंजन दास मुंशी) : (क) से (ग) सरकार द्वारा एम० टी० सी० को आयातित खाद्य तेल की खुले बाजार में बिक्री के लिये निदेश दिए गए है ताकि देश में खाद्य तेलो की उपलब्धता में सुधार लाया जा सके तथा उचित स्तर पर कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिल सके। इसका राज्यो तथा केन्द्र शासित प्रदेशो में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत किये जाने वाले आयातित खाद्य तेलों के आवटन पर कोई प्रभाव नही पडेगा।

झण्डेवालान दिल्ली में जेवरात निर्यात काम्पलैक्स की स्थापना

3323. **श्री रशीद मसूद** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सौ प्रतिशत जेवरात निर्यात एककों के लिये झंडेवालान दिल्ली में एक औद्योगिक काम्पलैक्स की स्थापना किए जाने की घोषणा की थी,

(ख) क्या यह भी सच है कि खनिज व धातु व्यापार निगम के मार्फत सोने का आयात करने के बाद उसे इन निर्यात इकाइयो मे वितरित करने का सुझाव सरकार ने मान लिया था ; और

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में अब तक कितनी प्रगति की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रिय रंजन दास मुंशी) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) एम०एम टी०सी० द्वारा 100 प्रतिशत निर्यातोन्मुख कम्पलैक्स मे स्वर्ण आभूषणो का निर्माण तथा निर्यातक एककों के लिये स्वर्ण के स्टाक तथा बिक्री के लिये प्रस्तुत की गई योजना जब कभी भी अनमानित हो जाएगी, कार्यान्वित कर दी जाएगी।

हथकरघा क्षेत्र में जनता कपड़े और नियंत्रित कपड़े का उत्पादन

3324. **श्री रशीद मसूद** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस समय एन०टी०सी० मिलो द्वारा उत्पादित जनता कपड़े और नियंत्रित कपड़े को हथकरघा क्षेत्र के अंतर्गत लाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है , और

(ग) इस मामले मे अन्तिम निर्णय कब तक ले लिये जाने की सम्भावना है ?